हरिभूमि


# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 4 जुलाई 2024

04 कलेक्टर-एसपी ने लिया तैयारियों का जायजा...



07 2 साल से वेयरहाउस मालिकों को नहीं मिला...





## खबर संक्षेप

### चालीसमा कमेटी के अध्यक्ष बने हनीफ पठान

**विदिशा।** जनरल मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष चौधरी फरहत अली ने चौधरी निवास पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में चौधरी सिराज अहमद की सहमति से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी इमामबाड़ा अध्यक्ष आरिफ मंसूरी व मोहर्रम चालीसमा अध्यक्ष हनीफ पठान को नियुक्त किया गया। बैठक में चौधरी नवेद अहमद राजा, सैयद साहब, संजय जैन, चौधरी शेर यार ,बिट्टू चौधरी, चौधरी मुजाहिद, शेखू चौधरी, दीपक कुशवाह, अकबर खान,केश पठान,संतोष कुशवाह, इस्माइल शाह, आदि ने बधाई दी है जानकारी शरीफ खान ने दी।

### लायंस क्लब सम्राट की कार्यकारिणी गठित

**विदिश।** लायंस क्लब सम्राट की कार्यकारिणी का गठन कर लिया गया है। सर्वसम्मति से अध्यक्ष लाइन अभिषेक सिंघई,सचिव लाइन रितेश जैन,कोषाध्यक्ष लाइन सौरव लश्करी एवं प्रथम उपाध्यक्ष डॉ.दीप मेहरा को बनाया गया। क्लब द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर सभी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। अपने अध्यक्षीय भाषण मे लाइन अभिषेक सिंघई ने कहा कि हम विदिशा के गरीब तबके के लिए हमसे जो बन सकेगा हम करेंगे।

### कलेक्टर ने पाराशरी नदी का जायजा लिया

**विदिशा।** बासौदा नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य से बासौदा के सर्किट हाउस में मुलाकात कर निकाय क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही निर्माण कार्यो के संबंध में जानकारी दी है। कलेक्टर वैद्य ने आश्वस्त कराया कि बासौदा नगरपालिका क्षेत्र के सभी बुनियादी आवश्यक कार्य समय सीमा में पूरे कराए जाएंगे। कलेक्टर वैद्य ने पाराशरी नदी के जीर्णोद्धार कार्यो का भी भ्रमण कर जायजा लिया। यहां एसडीएम विजय राय ने जीर्णोद्धार संबंधी कार्यो की जानकारी देते हुए नदी के दोनों तटों की दीवार को मजबूती प्रदान करने के लिए पिचिंग कार्यो के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट भी साथ मौजूद रहे।

### पशुओं को बीमारियों से बचाने दी सलाह

**विदिशा।** बारिश में पशुओं की देखभाल बहुत आवश्यक है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उपसंचालक डॉ. एनके शुक्ला ने बताया कि विभाग पशुपालकों को पशुओं की देखभाल के लिए जागरूक कर रहा है। बरसात के मौसम में पशुपालकों को पशुओं का विशेष ध्यान रखना चाहिए। पशुओं को सूखे स्थान पर रखें जहां पर हवा व धूप की मात्रा पर्याप्त में हो। साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखें। पशुओं को यदि पक्के फर्श पर रखा जाता है तो उस स्थान पर सप्ताह में कम से कम दो बार कीटाणुनाशक दवाई से सफाई करें। परजीवियों से बचाव के लिए पशुपालक पशु बाड़े में मच्छरदानी का प्रयोग करें तथा समय समय पर नजदीकी पशु चिकित्सक से परामर्श करके परजीवियों से बचाव के लिए दवाईयां व जानकारी प्राप्त करें।

### राज्यपाल के दौरे को लेकर लिया जायजा

**विदिशा।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल छह जुलाई को गंजबासौदा में संपूर्णता अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होंगे। बासौदा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत डिंडोली में आयोजित कार्यक्रम में पीएम जनमन योजनाओं के लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद एवं आंगनबाडी व स्कूल में अध्ययनरत छात्रों से रूबरू होकर उन्हें पाठ्यपुस्तकों का वितरण करेंगे। राज्यपाल शनिवार को हेलीकॉप्टर से पहुंचेंगे। हेलीपैड स्थल का कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला एवं जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

---

लगातार बारिश के बीच कथा सुन रहे लाखों श्रद्धालु, आसपास के जिलों से भी आ रहे श्रद्धालु

# चौथे दिन कथा समापन की घोषणा हुई

# घंटेभर बाद कहाः अब पूरे सात दिन होगी



### हाथरस की घटनाः पंडित मिश्रा बोले सहयोग की भावना होती तो बच जाते भक्तों के प्राण

पंडित मिश्रा ने कहा कि उत्तर प्रदेश के हाथरस की घटना बहुत दर्दनाक है। 100 से ज्यादा भक्त कहीं न कहीं किसी रूप में भगवान के श्री चरणों में पहुंचे हैं। यह घटना जनमानस को हृदय से कचोट रही है। इतने सारे भक्तों के प्राण चले गए। सहयोग की भावना होती तो कई भक्तों के प्राण बच सकते थे। समाचार के माध्यम से देखा है कि एक के ऊपर एक लोग गिरते चले गए।



विदिशा। वीआईपी पंडाल में ही सबसे आगे भरा हुआ है पानी।

#### मंत्री ने मांगी थी क्षमा

मंगलवार को कथा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल भी पहुंचे थे। उन्होंने पं. प्रदीप मिश्रा का सम्मान कर कथा में अव्यवस्थाओं को लेकर शासन-प्रशासन की ओर से माफी भी मांगी थी। उन्होंने कहा था कि आव्यवस्थाओं की जिम्मेदारी लेते हुए मैं श्रद्धालुओं से क्षमा मांगता हूं।

#### समिति ने दिया ज्ञापन

सोमवार को शिव महापुराण कथा में अव्यवस्था और श्रद्धालुओं को हो रही परेशानी और जिला प्रशासन, नगरपालिका परिषद की लापरवाही के खिलाफ भ्रष्टाचार उन्मूलन संघर्ष समिति ने कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर संतोष बिटोलिया को ज्ञापन देकर प्रशासन पर सहयोग न करने का आरोप लगाया था। कथा स्थल पर महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे कीचड़ में बैठकर कथा सुन रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

गिरधर कॉलोनी में चल रही शिवमहापुरण कथा के चौथे दिन बुधवार को कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने अचानक समापन कर दिया। उन्होंने व्यास पीठ से चौथे दिन ही कथा समाप्ति की बात कही। कुछ घंटे बाद बोले- कथा 7 दिन तक जारी रहेगी।

पंडित मिश्रा ने कहा कि पिछले 4 दिन से हो रही बारिश की वजह से कथास्थल के आसपास अव्यवस्था हो गई है। पानी भरा हुआ है, कीचड़ हो रहा है, जिसकी वजह से भक्तों को परेशानी हो रही है। किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो इसलिए कथा समाप्त का निर्णय लिया। इस दौरान उन्होंने उत्तरप्रदेश में हुई हाथरस की घटना का भी जिक्र किया। जहां कथास्थल पर भगदड़ मचने से करीब 121 लोगों की जान चली गई।

#### गाइडलाइन का ध्यान रखें

पंडित मिश्रा ने चौथे दिन की कथा समाप्ति के समय श्रोताओं से कहा- समिति का कहना है कि कथा 7 दिन की है तो सात दिन पूरी करी जाए। कह रहे हैं प्रशासन भी साथ देगा। विदिशा का पूरा प्रशासन और विदिशा के एक-एक बच्चा कथा में सात दिन साथ देगा, इसलिए अब 7 दिन कथा होगी। उन्होंने कहा कि मेरा निवेदन है कि प्रशासन की गाइडलाइन पर ध्यान दें। वे भी अच्छा चाहते हैं और हम भी चाहते हैं। समिति के कहने पर कथा को आगे बढ़ा रहे हैं, इसलिए दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक कथा का क्रम जारी रहेगा। पंडित प्रदीप मिश्रा ने कथा की आरती करने के बाद सभी श्रद्धालुओं का अभिवादन स्वीकारा।

### आयोजन समिति बोलीः हाथरस की घटना से भयभीत हो गए

प्रशासन, धार्मिक संगठन के साथ ही विदिशावासियों द्वारा व्यवस्था को संभालने की बात कहने पर मंच से कथा को जारी रखने का निर्णय लिया गया।



विदिशा। कथा स्थल गिरधर कॉलोनी में शिवमहापुराण की कथा सुनने के लिए प्रतिदिन लाखों की संख्या में महिला श्रद्धालु पहुंच रही हैं।

#### आयोजन समिति बोलीः हम हाथरस की घटना से भयभीत

समिति के सदस्यों का कहना है कि ऐसा लग रहा था कि आंधी के साथ बारिश होने वाली है। इसे देखते हुए कथा समाप्ति का निर्णय लिया था। लाखों भक्तों के चेहरे पर उदासी, आंखों में आंसू देखने के साथ ही प्रशासन, धार्मिक संगठन के साथ ही विदिशावासियों द्वारा व्यवस्था को संभालने की बात कहने पर कथा को जारी रखने का निर्णय लिया गया। चार दिन की कथा पूरी हो चुकी है, तीन दिन और कथा होगी। 6 जुलाई को कथा का समापन होगा।

#### पंडाल में जितने श्रद्धालु उनसे 4 गुना ज्यादा बाहर

पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा 30 जून रविवार से विदिशा-भोपाल बायपास स्थित गिरधर कॉलोनी में शुरू हुई। जिसका समापन 6 जुलाई को होना है। पहले दिन से ही पंडित प्रदीप की कथा सुनने के लिए हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। दोपहर 1 बजे के पहले ही एक लाख वर्गफीट में बना पंडाल खचाखच भर जाता है। इसके बाद पंडाल के बाहर भी लोगों की भीड़ लग रही है। बुधवार को दोपहर 3 बजे तक कथा सुनने पहुंचे भक्तों के लिए जगह ही नहीं बची। पंडाल में जितने लोग बैठे थे, उससे चार गुना ज्यादा पंडाल से बाहर थे। इसके बाद गेट पर एंट्री बंद कर दी गई। इस वजह से हजारों लोग सड़कों पर बैठे रहे। पंडाल से बाहर खड़े लोग छाता और पॉलिथीन ओढ़कर बारिश में भी कथा सुनते रहे। पहले कथा कृषि उपज मंडी में होनी थी, लेकिन बाद में आयोजन स्थल को बदला गया, इसे लेकर समिति सदस्यों का कहना है कि जहां भगवान की इच्छा थी, वहां कथा हो रही है। मंडी परिसर में सीमेंट कंक्रीट की सड़कें हैं और कीचड़ की भी परेशानी नहीं हैं। यहां पर पहले से ही शेड़ बने हुए हैं। जिससे बारिश के दौरान बचने में श्रद्धालुओं को आसानी होती। जबकि अभी जिस स्थान पर कथा हो रही है वहां कॉलोनी विकसित हो रही है और व्यवस्थाओं के नाम पर वहां कुछ भी नहीं हैं।

---

बिजली कंपनी के प्रबंध संचालक ने विद्युत आपूर्ति की समीक्षा कर टीलाखेड़ी उपकेंद्र का निरीक्षण किया

## 3 महीने उपभोक्ता बिल न भरे तो बिजली काट दो, रातभर बिजली गुल हो रही उस पर कुछ नहीं बोले प्रबंध संचालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

बिजली कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल बुधवार को विदिशा आए। यहां उन्होंने अधिकारियों की बैठक में कहा कि जिन उपभोक्ताओं ने पिछले तीन माह से बिजली बिलों का भुगतान नहीं किया है, उनके कनेक्शन काट दिए जाएं।

बारिश के दौरान जरा सी हवा चलने पर बिजली बंद कर दी जाती है। बारिश में शहर में रातरात भर बिजली गुल हो रही है। ऐसा क्यों हो रहा है यह बात उन्होंने अधिकारियों से जानी ही नहीं। उन्होंने कहा कि सकल तकनीकी एवं वाणिज्यिक हानियों को कम करने तथा प्रति यूनिट नकद राजस्व वसूली बढ़ाने के उपायों को प्रभावी तरीके से अमल में लाया जाए। प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने विदिशा वृत्त के अधिकारियों को निर्देशित किया कि 33 केवी लाइन, 11 केवी लाइन, एलटी लाइन, वितरण ट्रांसफार्मर एवं विद्युत उपकेन्द्रों का रखरखाव प्रभावी ढंग से किया जाए। प्रबंध संचालक ने विदिशा के 33 व 11 केवी उपकेन्द्र टीलाखेड़ी का निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि उपकेन्द्र का रखरखाव नियमानुसार किया जाए तथा बारिश के दौरान लाइन कर्मियों की सुरक्षा को लेकर विशेष ध्यान दिया जाए।

सुरक्षा प्रोटोकाल एवं सुरक्षा साधनों का इस्तेमाल सुनिश्चित किया जाए। दि लाइनों की क्रॉसिंग आ रही है तो वहां विशेष ध्यान रखा जाए। जिससे कि विद्युत दुर्घटनाएं न होने पाएं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा मानकों का पालन करें।

#### बिजली कंपनी का सिर्फ वसूली पर फोकस

पूरे शहर में बिजली लाइनों के बुरे हाल हैं। बारिश के दौरान कहीं ट्रांसफार्मरों में धमके हो रहे हैं तो कहीं खंभों में करंट उतर रहा है। बारिश के दौरान खंभों के पास खड़े होना भी मौत के सामने खड़े होने जैसा है। विगत दिनों सब्जी मंडी में एक खंभे में करंट आने के कारण गाय और कुत्ते की मौत हो गई थी। वहीं पूरनपुरा गली नंबर पांच में लगे ट्रांसफार्मर में विगत दिनों धमका हुआ था। इतना ही नहीं मुख्य बाजार में एक खंभे में आग लगाने की घटना अभी कुछ दिन पहले ही हुई है। इस तरह के कई हादसे शहर में आए दिन हो रहे हैं, लेकिन बिजली कंपनी इस ओर ध्यान नहीं दे रही सिर्फ वसूली पर बिजली कंपनी का पूरा फोकस है। तुरंत बिजली काटने पहुंच जाते हैं।

### चलित परीक्षण प्रयोगशाला ने की जांच पड़ताल

**विदिशा।** चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला ने बुधवार को भ्रमण कर जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी एडलिन ई पन्ना ने बताया कि चलित खाद्य प्रयोगशाला के द्वारा दुर्गा नगर चौराह स्थित उपसरपंच चायवाला, रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक चार पर माधव फूड जंक्शन, ब्लैक ड्रॉप कैफे का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकान संचालक को साफ सफाई के निर्देश दिए। उपसरपंच चायवाला से खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने चाय पाउडर व गुड के नमूना एकत्रित करने की कार्रवाई की। एकत्रित किए गए खाद्य सैंपलों को जांच परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। इसके साथ ही खाद्य कारोबारकर्ता से कहा गया है कि खाद्य लाइसेंस लेना अनिवार्य है, बिना खाद्य लाइसेंस कोई भी दुकानदार खाद्य कारोबार न करें।

## 2500 रुपए रिश्वत मांगने वाले प्रधान आरक्षक को 4 साल कैद

- 2500 मांगी थी रिश्वत 1500 में तय हुए था सौदा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज राठी ने रिश्वत लेने वाले प्रधान आरक्षक खुशीलाल अहिरवार को 4 साल की सजा और 5 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है।

9 सितंबर 2019 को आवेदक प्रानसिंह प्रजापति निवासी मंडीबामौरा ने लोकायुक्त में शिकायत की थी। 31 अगस्त 2019 को रात में वह अपनी पंचर की दुकान देखने मंडीबामौरा में जा रहा था। रास्ते में खड़े कुरवाई निवासी गोरीशंकर गोस्वामी ने उसे रोक लिया। दर्ज कराई गई झगड़े की रिपोर्ट में राजीनामा करने दवाब डालकर मारपीट की। फरियादी प्रानसिंह प्रजापति ने 1 सितंबर को कुरवाई थाने में रिपोर्ट की। मामले की विवेचना कर रहे प्रधान आरक्षक खुशीलाल ने रिपोर्ट में कार्रवाई करने 2500 रुपए की रिश्वत की मांग की। लोकायुक्त की टीम ने डिजिटल वाईस रिकॉर्डर के साथ फरियादी प्रान सिंह को प्रधान आरक्षक खुशीलाल अहिरवार के पास भेजा। बातचीत में प्रधान आरक्षक 2500 रुपए की जगह 1500 रुपए लेने पर सहमत हो गया। लोकायुक्त पुलिस द्वारा की गई ट्रेपिंग की कार्रवाई में प्रधान आरक्षक रंगे हाथों गिरफ्तार हुआ था।

## भैंस चोर पकड़ा तो देखने ही जुट गए सैकड़ों लोग

### ग्रामीणों को देखकर दूसरा चोर भाग निकला

- पुलिस ने चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ग्यारसपुर

ग्राम बरमढ़ी में राहतगढ़ के चोरों को सिंध नदी के पास भैंसों को चुराते हुए ग्रामीणों ने एक चोर को रंगे हाथ पकड़ लिया। चोर को पकड़कर ग्रामीण गांव में ले आए और रस्सी से बांधकर पुलिस को बुलाया। भैंस चोरी करने वाले चोर को पुलिस के हवाले कर दियाग या है।

चोर राजन अहिरवार पिता बाबूलाल अहिरवार उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम भभूका ग्राम पंचायत खेजरा तहसील राहतगढ़ का रहने वाला है वहीं दूसरा चोर आरिफ खान जो की राहतगढ़ का निवासी है। ग्रामीणों की आहट सुनकर भैंसों को छोड़कर आरिफ खान भाग निकला। बरमढ़ी के किसान और भैंस मालिक लाखन गुर्जर ने बताया कि उनकी 4 भैंसें जंगल में चरने के लिए गई थीं। सिंध नदी के पास दो चोर भैंसों को




चुरा कर राहतगढ़ की तरफ लेकर जा रहे थे। हिम्मतपुर के रूप सिंह ने हमारी भैंसों को ले जाते हुए चोरों को देखा। उन्होंने हमें सूचना दी। मौके पर ग्रामीणों की सहायता से एक चोर को धर दबोचा और पुलिस के हवाले कर दिया चोर को देखकर मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। चोर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा रही है और पुलिस छानबीन कर कार्रवाई करेगी।

### नवभारत उल्लास साक्षरता कार्यक्रम हुआ

**नटेरन।** नटेरन में एक दिवसीय नवभारत उल्लास साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बीईओ राकेश सेन, बीआरसी मुकेश शर्मा मौजूद रहे। प्रत्येक जन शिक्षा केंद्र के सह. समन्वयक, जन शिक्षक एवं संकुल प्रचार्यो ने प्रशिक्षण में भाग लिया। एमडीएम प्रभारी ईश्वर प्रसाद शर्मा भी उपस्थित रहे। विकास खंड सह. समन्वय हेमंत सिंह नरवरिया ने बताया कि नवभारत उल्लास कार्यक्रम का आयोजन 2020 से 2027 तक करने का लक्ष्य है।

## बालक, कन्या छात्रावास में कोचिंग पढ़ाने 15 तक कर सकते हैं आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

उत्कृष्ट बालक, कन्या छात्रावास में कोचिंग के लिए विषयवार शासकीय शिक्षक, प्राइवेट विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों, उत्कृष्ट प्राइवेट कोचिंग एवं प्राइवेट कोचिंग संस्था से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। शिक्षकों को 300 रुपए प्रति कालखंड के मान से माह में अधिकतम 20 कालखंड का मानदेय प्रदान किया जाएगा।

जनजातीय कार्य विभाग की जिला संयोजक पारुल जैन ने बताया कि कक्षा 9वीं, 10वीं में कोचिंग देने वाले शिक्षक के लिए संबंधित विषय में ग्रेजुएशन स्तर पर न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक तथा कक्षा 11वीं और 12वीं की कोचिंग के लिए संबंधित विषय में पोस्ट ग्रेजुएशन में 60 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य रहेगा। कंप्यूटर सामान्य ज्ञान का कालखंड रविवार को होगा एवं माह में अधिकतम पांच कालखंड का मानदेय दिया जाएगा। प्रत्येक शिक्षक को कोचिंग के संदर्भ में अपनी मासिक डायरी संधारित करनी होगी।

**ऐसे कर सकते हैं आवेदनः** आवेदन पत्र सादे कागज पर व्यक्तिगत विवरण एवं शैक्षिक विवरण सहित प्रमाण पत्रों की छाया प्रति संलग्न करते हुए 15 जुलाई तक उत्कृष्ट छात्रावास में जमा करें। जानकारी के लिए जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। कक्षा नवी और दसवीं के लिए गणित, अंग्रेजी, विज्ञान, कंप्यूटर सामान्य ज्ञान के लिए क्रमशः एक-एक शिक्षक की आवश्यकता है तथा 11वीं और 12वीं कक्षा के लिए गणित, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान, अंग्रेजी, कंप्यूटर सामान्य ज्ञान तथा महाविद्यालीन अंग्रेजी विषय के लिए भी एक-एक शिक्षक की आवश्यकता है।

## इन हालातों में इसे बेहतर बजट माना जाएगाः राघव जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

मध्यप्रदेश की मोहन यादव सरकार ने बजट पेश कर दिया है। बजट में कर्ज



लेकर सरकार चलाने का संकेत साफ है यह चिंताजनक है तो वहीं कल्याणकारी योजनाओं के लिए प्रावधान स्वागतयोग्य कदम बताए जा रहे हैं। हरिभूमि ने इस संबंध में प्रदेश सरकार के पूर्व वित्तमंत्री रहे राघव जी से विस्तार से चर्चा की। उन्होने चर्चा में बताया कि वर्तमान हालातों को देखा जाए तो इससे अच्छा बजट नहीं हो सकता है। दूसरी तरफ भाजपा विचारधारा वाले इस बजट को शानदार बताने में जुटे हुए हैं। वहीं दूसरी तरफ विपक्ष आलोचना करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है।

राघवजी बताते हैं कि कर्ज का बोझ प्रदेश पर लगातार बढ़ता जा रहा है। ब्याज चुकाने में ही सरकार की आमदनी का करीब 10 प्रतिशत राशि खर्च हो रही है। प्रदेश के कुल बजट के बराबर सरकार अभी तक कर्ज ले चुकी है। फिजूल खर्ची को कम करने या खत्म करने की दिशा में कदम उठाने होंगे। वहीं प्रदेश की आय बढ़ाने की दिशा में भी आधारभूत कदम उठाने होंगे। अटल कृषि ज्योति योजना में 5300 करोड़ और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में 4900 करोड़ का प्रावधान स्वागत योग्य कदम है। इन परिस्थितियों में इससे बेहतर करना मुश्किल है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा लगातार कर्ज लेने की प्रवृत्ति को राघवजी चिंताजनक करार दे रहे हैं। इस बार बजट में 88 हजार करोड़ का कर्ज लेना चिंताजनक है क्योकि पिछले वर्ष की तुलना में कर्ज को दोगुना करके लिया जा रहा है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों और संकल्पों को पूरा करने वाला बजट आज

मैं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा का अभिनंदन करता हूं। उन्होंने सर्वव्यापक, सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी बजट प्रस्तुत किया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के जनकल्याणकारी मनमोहक मंत्र से प्रेरित होकर उनके मार्गदर्शन में तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों एवं संकल्पों को पूरा करने वाला बजट आया है। मप्र के हर वर्ग का उन्होंने ध्यान रखा है। गांव, गरीब, पिछड़े, शोषित सबको लाभांवित करने वाला बजट है। कह सकते हैं सर्वे भवन्तु सुखिना सर्वे संतु निरामया के भाव को मप्र सरकार चरितार्थ कर रही है। यह बजट एकात्मक मानववाद एवं अंत्योदय का मूर्त रूप है। वर्ष 2024 का यह बजट मप्र की आशाओं, आकांक्षाओं का बजट है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्देश्यों एवं संकल्पों के आधार पर मप्र सरकार का यह दूरदर्शी बजट है, जो सशक्त, समृद्ध, शक्तिशाली, खुशहाल और विकसित मप्र बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।



-उमाकांत शर्मा, विधायक सिरोंज

## कहीं पड़ी बौछारें तो कहीं हुई झमाझम बारिश





**गंजबासौदा।** बुधवार को नगर सहित आसपास के क्षेत्र में कुछ समय के लिए जोरदार पानी बरसा। हांलाकि नगर में तो बादलों से सिर्फ कुछ समय के लिए बौछारें ही पडीं और उसके बाद रिमझिम बारिश का दौर चलता रहा, लेकिन कस्बा बागरोद सहित आसपास के अनेक गांवों में करीब एक घंटे तक जोरदार बारिश से सडकों एवं गलियों में से पानी बह निकला। सीजन की इस पहली जोरदार बारिश का ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों ने जलक्रीडा करते हुए खूब लुत्फ उठाया, वहीं किसानों के चेहरे भी खिल उठे हैं और वे आगामी दिनों में भी अच्छी बारिश की उम्मीद कर रहे हैं।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2480
उच्चतम भाव-4001
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2450
उच्चतम भाव-2855
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2492
उच्चतम भाव- 2520
चना
न्यूनतम भाव- 4800
उच्चतम भाव- 6625
मसूर
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-6540
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-4432
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-5816
सरसों
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-6100
उड़द
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-7900
मूंग
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-7756
धान
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव-2905
अलसी
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-5305
धना
न्यूनतम भाव-5350
उच्चतम भाव-6210
ज्वार
न्यूनतम भाव-1300
उच्चतम भाव-1755
तुअर
न्यूनतम भाव-8500
उच्चतम भाव-8980

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 14325 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### अनुज ने पाया कुश्ती में कांस्य पदक



**गंजबासौदा।** कुश्ती की स्टेट लेवल प्रतियोगिता में नगर में एक पहलवान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इंदौर में गत 29 और 30 जून को आयोजित राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में नगर की श्री बजरंग व्यायाम शाला के पहलवान अनुज भावसार का भी चयन हुआ था। मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रतियोगिता में अनुज भावसार ने 60 किग्रा वर्ग में बेहतर प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया है। अनुज की इस उपलब्धि पर व्यायाम शाला के गुरू, नगर के पहलवानों, खेल प्रेमियों, अनुज के परिजनों और उसके शुभचिंतकों ने उसे बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### राज्यपाल मंगुभाई पटेल का 6 जुलाई को ग्राम डिडौली का दौरा प्रस्तावित

# कलेक्टर-एसपी ने लिया तैयारियों का जायजा, गौशाला में रोपे पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल का प्रस्तावित दौरा आगामी 6 जुलाई को गंजबासौदा में है। जहां वे ग्राम पंचायत डिडौली में आयोजित कार्यक्रम में पीएम जनमन योजना के लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद एवं आंगनबाडी व स्कूल में अध्ययनरत छात्रों से रूबरू होकर उन्हें पाठ्य पुस्तकों का वितरण करेंगे। राज्यपाल के दौरे के संबंध में बुधवार को कलेक्टर एवं एसपी ने नगर में आकर तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपीं।

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने बताया कि राज्यपाल शनिवार 6 जुलाई को हेलीकॉप्टर से नवीन मंडी स्थित हैलीपेड पहुंचेंगे। जहां से वे ग्राम डिडौली पहुंचकर कार्यक्रम में शामिल होंगे। उक्त कार्यक्रम में कलश यात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ प्रभात फेरी, संपूर्णता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करना सहित पीएम जनमन योजनाओं के हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, स्व सहायता समूह की महिलाओं को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करना, पात्रता पर्ची, राजस्व विभाग, कृषि विभाग एवं शिक्षा विभाग की योजनाओं, सिकल सेल कार्ड, लाड़ली लक्ष्मी सहित अन्य योजनाओं के कार्डों का वितरण हितग्राहियों को किया जाएगा।





कलेक्टर वैद्य एवं एसपी दीपक कुमार शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने बुधवार को हेलीपैड स्थल पर किए जाने वाले प्रबंधो तथा एकीकृत शाला, शासकीय माध्यमिक शाला डिडोली के प्रागंण में आयोजित होने वाले सभा कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों एवं योजनाओं की प्रदर्शनी भी लगाई जाएंगीं।

इस दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत एक पौधा अपनी मां के नाम से जारी पौधारोपण कार्यक्रम में कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, एसपी दीपक कुमार शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर योगेश भरसट ने ग्राम बेहंटा की सांवरिया सेठ गौशाला परिसर में पौधरोपण किया। इसके साथ ही उनके द्वारा गौशाला का निरीक्षण कर क्रियान्वित कार्यों का जायजा लेकर गौशाला संचालन की व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित भी किया गया। इसके बाद कलेक्टर ने विश्राम गृह में बैठक आयोजित कर कार्यक्रम के तहत किए जाने वाले प्रबंधो के संबंध में अधिकारियों को जबावदेंही सौंपी। उन्होंने स्थानीय एसडीएम विजय राय को राज्यपाल के प्रवास पूर्व ग्राम में शिविर आयोजित कर आमजनों की मूलभूत समस्याओं तथा योजनाओं से लाभांवित होने वाले हितग्राहियों का चिन्हांकन करने और उन्हें लाभांवित कराने के तमाम प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।



### नपाध्यक्ष ने की भेंट, कलेक्टर ने पाराशरी के जीर्णोद्धार कार्य का लिया जायजा

**गंजबासौदा।** विश्राम गृह में नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें निकाय क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही नगर में नपा द्वारा कराए जा रहे उल्लेखनीय और जनता के हितों से संबंधित निर्माण कार्यों के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर वैद्य ने आश्वस्त कराया कि बासौदा नगरपालिका क्षेत्र के सभी बुनियादी आवश्यक कार्य समय सीमा में पूरे कराए जाएंगे। कलेक्टर ने पाराशरी नदी के जीर्णोद्धार कार्यों का भी भ्रमण कर जायजा लिया। यहां एसडीएम विजय राय ने जीर्णोद्धार संबंधी कार्यो की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि नदी के दोनो तटो की दीवार को मजबूती प्रदान करने के लिए पिचिंग कार्य कराया गया है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट, एसडीओपी मनोज मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव, सीएमओ जयंत वर्मा आदि भी साथ मौजूद रहे।

## सीएमओ के मार्गदर्शन में चलाया गया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बारिश का मौसम शुरू होते ही नगर की गलियों में गंदगी के चलते मच्छरों एवं जीव जंतुओं की संख्या बढ गई है। वहीं गंदगी के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर पड़ रहा है। इसी को देखते हुए गत दिवस नपा सीएमओ जयंत वर्मा के मार्गदर्शन में नपा के स्वच्छता अमले ने विभिन्न वार्डों में गंदी गलियों की सफाई का अभियान चलाया। इस दौरान नेहरू चौक पर गंदी गलियों में जमा कचरे एवं गंदगी के ढेर को नपा अमले ने साफ किया और नालियों में जमा कचरे एवं सिल्ट को भी बाहर निकालकर साफ किया गया। इसके बाद पूरी गली और नालियों में कीटनाशक पावडर का छिडकाव किया गया। इसके साथ ही मुख्य मार्गों पर फल एवं सब्जी बेंच रहे ठेला वालों एवं दुकानदारों के पास पहुंचकर उनके पास रखे सडे गले फल सब्जी फिंकवाए गए और उन्हें दूषित खाद्य सामग्री विक्रय न करने की सख्त हिदायत दी गई। इस मौके पर बडी संख्या में नपाकर्मी मौजूद थे।



**गंजबासौदा।** इलाके में बारिश का दौर शुरू होने और बेतवा नदी का जलस्तर बढने के साथ ही नपा ने गत दिवस नौलखी घाट स्थित स्टापडेम के गेट खोल दिए हैं। ताकि बारिश में आने वाली गंदगी, कचरा और स्टापडेम में जमा सिल्ट तेज बहाव में बह सके और बारिश बाद नागरिकों को पेयजल के लिए स्वच्छ जल उपलब्ध हो सके।



### जनरल कोच में यात्रा करना हुआ मुश्किल

**गंजबासौदा।** ट्रेंनों से जनरल कोच कम होने और पैसेंजर ट्रेनों की कम उपलब्धता के चलते यात्रियों को ट्रेनों से यात्रा करने में काफी परेशानी हो रही है। चित्र मेमो ट्रेन का है, कोच में सवार होने के लिए यात्रियों की कैसी भीड़ उमड़ी है, इसका अंदाजा इसी चित्र से लग सकता है।

### प्राचीन बावड़ी की हुई सफाई



**गंजबासौदा।** समीपस्थ ग्राम उदयपुर में मुरादपुर रोड के पास पुरानी धरोहर सेठ बावड़ी जो गंदगी से बेहाल थी। उसकी बुधवार को ग्राम पंचायत द्वारा साफ सफाई करवाई गई। सरपंच निधि राजेंद्र चौरसिया, ग्राम के सचिव ओमप्रकाश सेन, ग्राम के पंचगण और ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### आशुतोष नगर में आयोजित हो रही है कथा

# भागवत कथा के पहले निकली भव्य कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ईदगाह रोड स्थित वार्ड नंबर 21 आशुतोष नगर में भागवत कथा से पहले कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के मुख्य यजमान सोनम बलराम सिंह राजपूत, बृजेश सिंह राजपूत, राजन सिंह राजपूत ,इंदर सिंह राजपूत, भोला सिंह राजपूत ने भागवत कथा अपने सिर पर रखकर लड्डू गोपाल जी को अपने गोदी में विराजमान किया। कलश यात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली गई। फूलों की बरसात शहनाई के साथ कलश यात्रा मुख्य जगह से बड़ी धूमधाम के साथ कथा स्थल पहुंची। इस दौरान बडी संख्या में महिलाएं अपने सिर पर मंगल कलश लेकर चल रही थीं। वहीं कलश यात्रा का मार्ग में जगह जगह श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया गया। कथा स्थल पर कलश यात्रा के विधिवत समापन के बाद भागवत



कथा का शुभारंभ किया गया।

कथा प्रवक्ता आचार्य पंडित विकास एलिया गुरु जी कथा के पहले दिन आत्म मुनि महाराज ने कलश के महत्व के बारे में बताया। महाराज ने कहा कि कलश रिद्धि-सिद्धि का प्रतीक है। इसका हिंदू धर्म में अपना महात्म्य है। उन्होंने कहा कि कलश हमारे जीवन में क्या है कलश का महत्व क्या है बताते हुए उन्होंने कहा कि कलश हमारे जीवन के हर क्षण में काम आता है। जन्म के समय भी कलश स्थापना की जाती है और मरने के समय भी शरीर के साथ कलश विसर्जित किया जाता है। उन्होंने बताया कि कलश के उपर नारियल रखा जाता है। यह नारियल मनुष्य को इस बात की शिक्षा देता है कि परिवार के मुखिया को उपर से सख्त और अंदर से मुलायम होना चाहिए। इससे जीवन की गाड़ी बेहतर चलती है। कलश के उपर जो माला रखी जाती है उसका अलग महत्व है। जिस प्रकार माला में लगा हुआ फूल महकता है उसी प्रकार मनुष्य का जीवन भी दूसरों को सुगंध देने वाला होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कलश को 108 महिलाएं सिर पर रखकर शोभा यात्रा निकालती है यह जिस क्षेत्र में निकलती है वहां का वातावरण मंगलमय हो जाता है।

कलश यात्रा में नगर के समस्त श्रद्धालु जनों ने एकत्रित होकर अपना सहयोग प्रदान किया। अब बुधवार से आरंभ हुई कथा आगामी 9 जुलाई तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। जिसमें गुरूवार को मूर्ति जलाधिवास, शुक्रवार को अन्नाधिवास, घृताधिवास, शनिवार को मिष्ठान एवं शर्कराधिवास, रविवार 7 जुलाई को फलाधिवास, सोमवार 8 जुलाई को शयनाधिवास और 9 जुलाई को प्राण प्रतिष्ठा एवं कथा समापन होगा।

# सेवानिवृत्ति के एक वर्ष पूर्ण होने पर रोपे छह पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सेवा निवृत्ति के अवसर पर पौधे लगाए ये आपने सुना और देखा होगा, लेकिन सेवा निवृत्ति के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पौधारोपण करना या कराना अपने आप में एक अद्भुत पहल है। बुधवार को श्रमदान दल द्वारा ऐसी ही एक अद्भुत पहल की शुरुआत की गई।

रिटायरमेंट पश्चात श्रमदान दल के हिस्सा बने एवं भारतीय रेल में 35 वर्ष तक सेवा पश्चात 30 जून 2023 को स्टेशन मास्टर पद से सेवा निवृत हुए अजय कुमार गुप्ता के रिटायरमेंट के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में श्रमदान दल द्वारा छह फूलदार पौधे पबई स्टेशन पर रोपित कराए गए। पबई स्टेशन पर लगाए गए सभी छह पौधे वर्तमान स्टेशन प्रबंधक नीलेश राय द्वारा उपलब्ध कराए गए जबकि पौधों की सुरक्षा के लिए तीन ट्री गार्ड सीनियर सेक्शन इंजी सतेंद्र नरवरिया द्वारा उपलब्ध कराए गए। पौधारोपण के दौरान वर्तमान स्टेशन प्रबंधक नीलेश राय द्वारा बताया गया कि विश्व की सबसे अमूल्य जीवित और मृत वस्तु अगर कोई है तो वह है पेड़। उन्होंने कहा कि पूरे ब्रह्मांड में पेड़ का कोई विकल्प नहीं है। चाहे आप चांद पर चले जाओ या मंगल पर। आपको वहां सोना चांदी हीरा जवाहरात प्लैटिनम तो मिल सकता है लेकिन पेड़ नहीं मिलेंगे । इसलिए पेड़ धरती पर प्रकृति के अनमोल उपहार है इन्हें



काटने ने बचाना चाहिए और हर वर्ष ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाना चाहिए। तो दल के सदस्यों ने लोगों से अपील की कि जन्म दिवस, वैवाहिक वर्षगांठ,परिजनों की पुण्य स्मृति के साथ साथ अपने परिजनों के रिटायरमेंट की वर्ष गांठ के अवसर पर पौधे लगाने की अपील की । कैसे अनूठा है जन जन विशेष पौधरोपण कार्यक्रम जन जन विशेष पौधरोपण कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य में लोगों की सहायता और सहयोग से पौधे लगाना और पौधे लगाने के लिए लोगों को प्रेरित करना शामिल है। इन सभी कार्यों के बदले दल के सदस्य लोगों से केवल ट्री गार्ड की सहयोग राशि के रूप में महज एक हजार रुपए लिए जा रहे है। श्रमदान दल के सदस्यों के प्रयासों , परिश्रम और लगन को देख कर कुछ अन्य समाजसेवी सहयोग में आगे आए है जिनमे शंकर फर्नीचर के संचालक सौरभ शर्मा, भारतीय रेल में कार्यरत गोपाल ओसवाल, पेंटर डी के और ताईकांडो कोच हेमंत विश्वकर्मा प्रमुख है।

## खबर संक्षेप

### आयुष आपके द्वार अभियान 30 सितंबर तक

सागर। आयुष विभाग सागर के अधीनस्थ संचालित सभी आयुष संस्थाओं में वर्षा ऋतु से संबंधित रोगों के बचाव हेतु आयुष आपके व्दार अभियान अंतर्गत आयुष दवाओं एवं स्वास्थ्य हेतु जागरुक किये जानें का अभियान 1 जुलाई से 30 सितम्बर तक चलाया जा रहा है। डॉ. जोगेन्द्र सिंह ठाकुर जिला आयुष अधिकारी सागर व्दारा समस्त औषधालय प्रभारियों को अभियान के सफल बनानें हेतु प्रचार प्रसार कर घर-घर जाकर रोगियों का सर्वे एवं औषधि प्रदान करनें के निर्देश प्रदान किये गये है।

### किसानों को मिलेगा ई-रु. के माध्यम से अनुदान

सागर। खाद्य एवं पोषण सुरक्षा योजना एवं नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल-ऑयलसीड योजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2024 से कृषकों को घटक अंतर्गत ई-रुपये के माध्यम से अनुदान मिलेगा जिसमें कृषकों के लिए एमपी-किसान पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। पोर्टल पर पंजीयन हेतु कृषक को आधार कार्ड, बैंक पासबुक, समग्र आई-डी, भूमि संबंधी दस्तावेज एवं कृषकों के लिए जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी। किसान पंजीयन एमपी-ऑनलाइन, स्वयं अपने मोवाइल पर एमपी-किसान एप पर पंजीयन कर सकता है। पंजीयन उपरांत कृषक का चयन लक्ष्य अनुसार किया जावेगा।

### जिला व्यय अनुवीक्षण समिति की बैठक संपन्न

सागर। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-5 सागर जिला व्यय अनुवीक्षण समिति (डीईएमसी) के साथ अभ्यर्थी/निर्वाचन व्यय अभिकर्ताओं की लेखा समाधान बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक मथुर अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रुपेश उपाध्याय, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नोडल अधिकारी पीसी शर्मा, डिप्टी कलेक्टर भव्या त्रिपाठी आदि अफसर उपस्थित थे।

## जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक में बैंकर्स को दिए गए निर्देश

# शासन की लोक हितकारी योजनाओं का लाभ समस्त बैंकर्स प्राथमिकता के साथ प्रदान करें: कलेक्टर आर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶सागर



सागर शासन की समस्त लोक हितकारी योजनाओं का लाभ समस्त बैंकर्स प्राथमिकता के साथ प्रदान करना सुनिश्चित करें । उक्त निर्देश कलेक्टर दीपक आर्य ने जिला परामर्श रात्रि समिति की बैठक में दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीसी शर्मा, एलडीएम सीपी सिंह, नाबार्ड के अधिकारी अभिषेक घोष, सुभाष मल्होत्रा, सचिन मसीह, प्रियंका राय, सहित समस्त बैंकर के मैनेजर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर दीपक आर्य ने जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक में समस्त बैंकर्स को निर्देश दिए कि शासन की लोक हितकारी योजनाओं का लाभ पत्र सहित ग्रामीणों को प्राथमिकता के साथ देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जो बैंकर समय पर एवं लक्ष्य के अनुसार लाभ प्रदान करेंगे उनको 15 अगस्त के दिन पुरस्कृत भी किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सभी बैंकर्स सप्ताह में दो दिन शासन की लोक हितकारी योजनाओं के लिए अलग से काउंटर बनाकर पात्र हितग्राहियों के प्रकरणों का निराकरण कराए। उन्होंने कहा कि दीनदयाल अंत्योदय योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन एवं प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना शुपालक को एवं मस्तक कृषकों हेतु किसान क्रेडिट कार्ड का कार्य प्राथमिकता के साथ करें। उन्होंने कहा कि उद्यानकी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित करें।

कलेक्टर दीपक आर्य ने भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना एवं टांट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी योजनाओं में लक्ष्य के अनुसार पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करें उन्होंने कहा कि संत रविदास स्वरोजगार योजना एवं डॉ भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना के अंतर्गत भी अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि सभी बैंकर्स शासन की योजनाओं की प्रकरणों का निराकरण भी समय सीमा में करें। कलेक्टर दीपक आर्य ने स्व सहायता समूह हेतु नकद धन राशि सीसीएल की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित करने पर नगरी परियोजना अधिकारी की सराहना की एवं कहा कि इस वर्ष और भी अच्छा कार्य किया जाए।

जिला शहरी विकास अभिकरण डूडा के अंतर्गत दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन एवं प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत लक्ष्य की अनुसार कार्य किया जा रहा है जो की सराहनीय है। उन्होंने पशुपालकों एवं मत्स्यपालकों हेतु किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने के लिए शिविर लगाए।

कलेक्टर आर्य ने कहा कि मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करें। कलेक्टर आर्य ने नाबार्ड द्वारा संचालित योजना की संबंध में भी चर्चा की एवं निर्देश दिए कि नाबार्ड के द्वारा जो योजनाएं संचालित की जा रही हैं उसका प्रचार प्रसार किया जाए एवं आवश्यकता पड़ने पर प्रदर्शनी लगाकर जानकारी प्रदान की जावे। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का निराकरण समय पर करने के निर्देश दिए। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के संबंध में जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि आरसेटी द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण समय-समय पर अधिक से अधिक दिया जावे।

## जन्मदिन के असवसर पर पौधरोपण

# पेड़ व पौधे ही हमारे जीवन के सच्चे साथी: बालमुकुंद कुशवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज



एक पौधा मेरी मां के नाम से शिक्षक नीरज कुमार सक्सेना ने अपने जन्मदिन के अवसर पर परिवार के साथ नगर पालिका द्वारा नवनिर्मित स्व श्री मति हीराबेन स्मृति उद्यान में पहुचकर बेलपत्र का पौधा रोपण किया। वही श्री सक्सेना ने कहा कि नगर पालिका द्वारा सुरक्षा की जिम्मेदारी के साथ साथ में भी इस पौधे की देखरेख की जिम्मेदारी लेता हूं।

इस मौके पर नगर पालिका प्रभारी राजस्व उप निरीक्षक बालमुकुंद कुशवाह ने कहा कि शिक्षक नीरज सक्सेना द्वारा एक पौधा मेरी मां के नाम से यह पहल शुरू की गई है, जो कि सराहनीय है। उन्होने आम नागरिको से पर्यावरण को बचाने वाली सुंदर सी पहल में सिरोंज को सुंदर बनाने में भागीदारी देकर सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि कुछ पौधे मानव जीवन में विशेष महत्व रखते हैं। जैसे अशोक का वृक्ष घर पर होने से कोई शोक नहीं होता। केले का वृक्ष घर के बाउंड्री के ईशान कोण में लगाना शुभ माना जाता है। वही उन्होने कहा कि खुद पर पड़ रहे पर्यावरण के प्रभाव को जानना जरूरी है। पेड़ पौधों का मानव जीवन में अहम महत्व होता है। ये हमें आक्सीजन के साथ फल, लकड़ियां एवं हजारों प्रकार की जड़ी बूटियां देते हैं। घर के आसपास पौधरोपण करने से गर्मी, भूक्षरण, धूल इत्यादि से बचाव करते हैं। इन पर पक्षियों का बसेरा भी होता है।

फूल वाले पौधों से आप अनेक प्रकार के कीट-पतंगों को आश्रय व भोजन दे सकते हैं। पेड़ ही हमारे वातावरण को साफ और प्रदुषणमुक्त रखते हैं। यही पर्यावरण के सच्चे योध्दा है, जो इसे स्वच्छ और सुंदर बनाये रखते है। पेड़ ही हमारे जीवन के सच्चे साथी है और इससे हमें जीवन मिलता है। पेड़ हमें फल-फूल तो देते ही है इसके साथ ही हमें दवाई के रूप में वो औषधियां भी देते है, जो हमें जीने के लिए आवश्यक है।

## नच बलिये सीजन -11 का कार्यक्रम 21 जुलाई को

सागर। मनवानी फिल्म्स सिन्धु संस्कार के तत्वाधान में आयोजित नच बलिये - 11 में डांस, सिंगिंग, फैशन शो प्रतियोगिता के साथ ही 21 जुलाई को होगा। डायरेक्टर राजेश मनवानी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 5 वर्ष से लेकर 65 वर्ष तक के प्रतिभागी भाग ले सकते है । जिसमे डांस, सिंगिंग, फैशन का अदभुध कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है । आयोजन के संयोजक डॉ. सुरेशचंद रावत, सुरेश मोहनानी, एड. वीनू राणा, विशाल पंजवानी, चंद्रकांत भाई पटेल, मनोज जैन ने बताया की इस भव्य आयोजन में शामिल होने के लिए सभी कलाकारों एवं सागर की समाजसेवी संस्थाओ को आमंत्रित किया गया है । मंच का कुशल एवं प्रभावी सञ्चालन एड.महेश नेमा एवं आचार्य प.महेशदत्त त्रिपाठी करेंगे । समाजसेवी चंद्रकांत भाई पटेल, वरिष्ठ पत्रकार सतीश पाठक, अजय मोहनानी ने बताया की फार्म भरने की अंतिम तारीख 7 जुलाई है और ऑडिशन 14 जुलाई दिन रविवार को दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक दीपक होटल सिविल लाइन में होगा।

## बच्चों को आयरन की गोलियां खिलाई

सागर। एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत जुलाई के प्रथम मंगलवार से सागर जिले के सभी स्कूलों में आयरन की गोलियां वितरण होना प्रारंभ हो गई हैं। आज एनीमिया मुक्त भारत क्षेत्रीय समुदाय के द्वारा गांव बरखेड़ी में स्कूल और आंगनवाड़ी में मॉनिटरिंग की गई इसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा सभी बच्चों को आयरन पिलाई गई एवं स्कूल बच्चों को आयरन की गोलियां खिलाई गई एवं जन जागरूकता हेतु बच्चों एवं अध्यापकों से एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

# खाद्य नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता संरक्षण विभाग की बैठक में की गई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶सागर

कलेक्टर दीपक आर्य द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में की गई । उन्होंने शासकीय उचित मूल्य दुकानों से वितरण होने वाले राशन सामग्री की विकासखंडवार एवं दुकानवार समीक्षा की । माह जून 2024 में 60 प्रतिशत से कम वितरण वाली दुकानों की दुकानवार समीक्षा की गई। कम वितरण करने वाली विकासखंड जैसीनगर की दुकान 1001185 अगरा का वितरण 12 प्रतिशत होने पर संबंधित कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी से कम वितरण का कारण पूछा गया । जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि, विक्रेता राम दुबे द्वारा अगरा दुकान के अलावा सींगना एवं बेरखेरी मडिया का भी राशन वितरण किया जाता है जो कि समिति बिलहरा की दुकानें पर पृथक से विक्रेता नियुक्तर है । किंतु राम दुबे के द्वारा तीनों दुकान पर जाकर स्वयं वितरण किया जाता है। जिस कारण राम दुबे द्वारा स्वयं की दुकान अगरा का वितरण समय पर नहीं किया जा रहा है। उक्त दुकान का वितरण 3 दिवस में विक्रेता से कराये जाने के निर्देश संबंधित कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को दिये एवं वितरण नहीं होने की स्थिति में जैसीनगर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी विरूद्ध सख्त कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। सभी दुकानों के माध्यम से दुकान संलग्न पात्र हितग्राहियों की ईकेवॉयसी पीओएस मशीन से कराये जाने के निर्देश दिये गये ।कलेक्टर आर्य ने, विभाग के सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी अदिति यादव संयुक्त कलेक्टर द्वारा विभाग से लंबित सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा कनिष्ठि आपूर्ति अधिकारीवार की एवं शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण समय सीमा में कराये जाने के निर्देश दिये।

## दिल्ली पहुंचकर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव से की मुलाकात



*सिरोंज। भाजपा के वरिष्ठ नेता एंव जनपद सदस्य प्रशांत पालीवाल ने भाजपा दिल्ली कार्यालय पहुचकर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एंव संगठन मंत्री बीएल संतोष से सौजन्य भेंट की। साथ ही सिरोंज लटेरी विधान सभा की राजनीति गतिविधि को लेकर विशेष चर्चा की। इस दौरान भाजपा नेता व सरंपच ब्रज मोहन धाकड़, सिंधिया फैंस क्लब के जिला अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा मौजूद रहे।*

## बजट ने युवा, महिला, किसान और गरीब की अपेक्षाओं को पूरा किया : पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह



सागर। मप्र सरकार का यह सर्वस्पर्शी बजट है जो युवाओं, महिलाओं, किसानों सहित सभी वर्गों को साथ लेकर मध्यप्रदेश को प्रगति के पथ पर ले जाएगा। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने इस बजट में गरीब कल्याण की योजनाओं को प्राथमिकता दी है। बजट की यह बड़ी उपलब्धि है कि इतनी अधिक जनहितैषी व गरीब कल्याण की योजनाओं के बावजूद एक भी नया टैक्स जनता पर नहीं लगाया गया है। पूर्व गृहमंत्री, वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह ने मध्यप्रदेश विधानसभा में पेश किए गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में यह विचार रखे हैं। पूर्व मंत्री सिंह ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि लाडली बहना और लाडली लक्ष्मी योजना के लिए 26560 करोड़ की राशि, पीएम आवास योजना में अंशदान हेतु 4 हजार करोड़ की राशि का प्रावधान रख कर मुख्यमंत्री ने गरीब कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई है। 5 करोड़ से अधिक आबादी को निः शुल्क खाद्यान्न और एक हजार अस्पतालों को आयुष्मान योजना से जोड़ कर गरीब निम्न मध्यवर्गीय परिवारों के लिए निः शुल्क इलाज की सुविधाओं का बजट में प्रावधान किया गया है, इससे गरीबों के प्रति बजट में संवेदनशीलता का पता चलता है। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के लिए 50 करोड़ और मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के लिए 250 करोड़ का प्रावधान करके सरकार ने गरीब परिवारों की अपेक्षाओं को पूरा किया है।



## सब्जी मंडी में महापौर ने बांटे कपड़े के थैले

सागर। बुधवार को अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस पर नगर निगम द्वारा महापौर संगीता सुशील तिवारी के नेतृत्व में निगमायुक्त राजकुमार खत्री, महापौर प्रतिनिधि डॉक्टर सुशील तिवारी एवं पार्षदों की उपस्थिति में तिलकगंज सब्जी मंडी में कपड़े के थैलों का वितरण किया गया। सब्जी मंडी में खरीदारी करने आए लोगों के साथ ही यहां व्यापार करने वाले फल सब्जी विक्रेताओं को भी थैले दिए गए। महापौर संगीता तिवारी ने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलिथीन का उपयोग न करें,जो लोग सब्जी खरीदने आ रहे हैं वह घर से ही कपड़े के थैले लेकर निकलें। इसी प्रकार फल विक्रेता और सब्जी विक्रेता भी ऐसे लोगों को फल सब्जी न दें जो पॉलिथीन में सामग्री देने को कहते हैं। शहर में निकलने वाली पॉलिथीन की सबसे बड़ी मात्रा सब्जी मंडी से ही निकलती है। लिहाजा हम सब मिलकर अभी से संकल्प लें कि पॉलिथीन का उपयोग नहीं करेंगे इसी प्रकार हम सब रोजमर्रा के उपयोग में कहीं भी पॉलीथिन और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करते हुए सागर को पॉलिथीन मुक्त शहर बनाने का काम कर सकते हैं। शहर को प्लास्टिक और प्रदूषण से बचाने की जिम्मेदारी सरकार के साथ ही समाज की भी है।

# 2 साल से वेयरहाउस मालिकों को नहीं मिला किराया, पिछले वर्ष की मूंग का भी है स्टॉक

## समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी के नहीं बने केंद्र, खरीद में भारी बिलंव

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली



**नहीं बने केंद्र न खरीद शुरू:** अभी तक बाड़ी बरेली क्षेत्र के किन वेयरहाउस को मूंग का खरीदी केन्द्र बनाया गया है, इसकी घोषणा नहीं हुई। हजारों किसानों ने समर्थन मूल्य पर मूंग बेचने पंजीयन कराया गया। बिना बारिश के अ'छे किस्म की मूंग का लाखों क्विंटल स्टाक किसानों के पास बना हुआ है। किसान जिले में अन्य स्थानों की तरह समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीद शुरू होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जून निकल गया और जुलाई का प्रथम सप्ताह चल रहा है। किसानों, खरीद संस्थाओं को नहीं मालूम की मूंग की खरीद किन स्थानो के वेयर हाउसो पर होगी। जिससे क्षेत्र के हजारों किसानों में भारी असंतोष का माहौल बना नजर आ रहा है।

सरकार ने समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की घोषणा की, खरीद भी 24 जून से प्रारंभ हो गई। परंतु क्षेत्र में अभी तक मूंग खरीदी केन्द्रो की घोषणा, जानकारी किसानो को नहीं है, न ही मूंग की खरीद शुरू हुई। मूंग खरीदी में हो रहे भारी बिलम्ब के कारण किसानों द्वारा हजार पन्द्रह सौ रुपए का आर्थिक नुकसान उठा कर मूंग मंडी में, व्यापारियों को बेची जा रही है। मूंग खरीदी में जिला एवं निचले स्तर पर उदासीनता और भारी बिलम्ब से किसानों में असंतोष बढता जा रहा है।

राज्य गृह भंडारण निगम समर्थन मूल्य पर खरीदी विभिन्न उपज को रखने किराए पर वेयर हाउस लिए जाते हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वेयरहाउस मालिकों को दो वर्षो का किराया न मिलने से भी उदासीनता का माहौल बना हुआ है। किराए दिए जाने की मांग वेयरहाउस मालिकों द्वारा निरंतर की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार प्राइवेट गोदामों को किराए पर लेने में भी भारी ऊपरी लेनदेन, मनमानी की चर्चाएं बनी हुई है। पिछले वर्ष समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी में किसानों से राशि लेकर घटिया कचरा, मिट्टी वाली मूंग की खरीद की शिकायतें बनी रही। पिछले वर्ष खरीदी और अनेक गोदामों में रखी नान एफएक्यू मूंग पत्थर का आचार बनी नजर आ रही है। यदि घटिया मूंग खरीदी और अच्छी मूंग का भुगतान किया गया तो खराब मूंग खरीदी और करोड़ों के आर्थिक नुकसान का उत्तरदायी कौन होगा।

# प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के हिन्दू विरोधी बयान के खिलाफ संगठनों ने जलाया पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली



लोकसभा में राष्ट्रपति के धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जिस प्रकार संपूर्ण हिन्दू समाज के संबंध में कहा उससे आक्रोशित हिन्दू संगठनों, बजरंग दल, विहिप, हिन्दू सेना इत्यादि के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने दीनदयाल परिसर के पास एकत्रित होकर कांग्रेसी नेता राहुल गांधी का पुतला जला कर अपना विरोध आक्रोश व्यक्त किया गया।

संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के द्वारा जिस प्रकार हिन्दू समाज के संबंध में कहा उसका प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी विरोध किया। नेता प्रतिपक्ष की गरिमा आचरण से हटकर जिस प्रकार बयानबाजी की गई उससे हिन्दू संगठनो और हिन्दू समाज से अपमानजनक महसूस किया। दीनदयाल परिसर पर एकत्रित हुए लोगों ने राहुल गांधी के विरूद्ध जमकर नारेबाजी कर पुतला जलाकर अपने आक्रोश भावनाएं व्यक्त की गईं।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट अनुविभाग लटेरी जिला विदिशा**

लटेरी दिनांक--28.06.24

(विज्ञप्ति)

(अंतर्गत सिविल प्रकिया संहिता 1908 के आदेश 05 नियम 20) राजस्व प्रकरण कमांकः 02/बी-113/2023-24 ग्राम आनंदपुर

गनेशराम पुत्र बाबूलाल शर्मा निवासी ग्राम आनंदपुर तहसील लटेरी ............... अपीलांट

बनाम

मध्यप्रदेश शासन

एतद द्वारा अपीलांट के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर जर्ये पेपर प्रकाशन रेस्पो. कमांक 01 लगायत 05 एवं सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गनेशराम पुत्र बाबूलाल शर्मा निवासी ग्राम आनंदपुर तहसील लटेरी जिला विदिशा म.प्र. के द्वारा एक आवेदन मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951 की धारा 4 के अंतर्गत कथित लोक न्यास के अंतर्गत श्री रामजानकी मंदिर ग्राम आनंदपुर के ट्रस्ट के पंजीयन हेतु आवेदन पेश किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी को कोई भी आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति अथवा अपना पक्ष इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 12.07.24 तक अनिवार्यतः समस्त दस्तावेजों सहित पेश कर सकता है। वाद म्याद गुजर जाने पश्चात् प्रस्तुत आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट अनुविभाग लटेरी**

# जून में तरसते रहे, जुलाई में शुरू हुई मानसून की बारिश

## किसानों को मिली राहतः राहत की बारिश से खिल उठे किसानों के चेहरे, दिनभर हुई रुक रुककर बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली



बरेली। बारिश से शहर की सड़कों पर जगह जगह पानी भर गया।

प्री मानसून की बारिश और हलचल 8-10 जून को शुरू हो जाती थी, इस वर्ष जून माह में 2-3 बार हल्की बारिश बूंदाबादी से क्षेत्र के किसान निवासी 30 जून तक जोरदार बारिश को तरसते रहे। जुलाई की शुरूआत से ही मानसून मेहरबान हो गया है।

आसमान में वर्षा वाले घने बादलों का डेरा बना रहने के साथ बुधवार को सुबह से रात तक रुकरुक कर कभी तेज तो कभी हल्की बारिश से संपूर्ण क्षेत्र भींगता रहा। हवाओं में भारी ठंडक और तापमान में गिरावट आने से भीषण गर्मी, उमस और तेज धूप गायब हो जाने से क्षेत्र के निवासी भारी राहत महसूस कर रहे है। दिन भर की बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। शुरूआती बारिश के लिए आषाढ का महिना महत्वपूर्ण होता है, आषाढ के महीने में क्षेत्र के निवासी और धान की खेती करने वाले किसान जोरदार बारिश का इंतजार ही करते रहे। भले ही प्रदेश और देश के विभिन्न स्थानों पर बाढ़ और बारिश की परेशानियां रही हो, नर्मदा क्षेत्र की बरेली, उदयपुरा, देवरी तहसीलों में जून माह में हुई अल्पवर्षा के कारण संपूर्ण क्षेत्र तेज धूप, भीषण गर्मी और उमस से झुलसता रहा। परिणाम स्वरूप धान की रोपाई में 15-20 दिनो का भारी बिलंव किसानों में चिंता का विषय रहा। जून में बारिश न होने से इस वर्ष गर्मी में मूंग की खेती करने वाले हजारों किसान बिना बारिश में भींगी मूंग निकालने में जरूर सफल बने रहे।

### हवा के साथ बारिश

बुधवार की सुबह से हवा चलने के साथ बारिश का दौर शुरू हुआ। दिन भर रुक रुककर बारिश होती रही। बारिश से संपूर्ण क्षेत्र पानी से तरबतर और सड़कें मकान गीले बने रहे। राहत भरी बारिश से जहा धान की खेती करने वाले किसानों के चेहरे खिल उठे है। वहीं क्षेत्र के निवासियों को भीषण गर्मी, तेज धूप, उमस से मौसम में ठंडक आने से भारी राहत मिल गई है। इसी प्रकार बारिश होती रही तो अगले 5-6 दिनों में क्षेत्र में धान की रोपाई का अति महत्वपूर्ण कार्य शुरू हो सकता है।

## डेफोडिल्स स्कूल में डॉक्टर्स-डे पर छात्रों ने दी प्रस्तुति



बरेली। डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल में डॉक्टर्स-डे बडे उत्साह के साथ मनाया गया। जिसमें चिकित्सकों के अमूल्य योगदान सराहना की । कार्यक्रम में छात्रो द्वारा विभिन्न प्रस्तुतिया और प्रदर्शन किए गए। जिनमें डॉक्टर्स के समपर्ण और मेहनत को दर्शाया गया। विभिन्न परिदृश्यों में डॉक्टरों के जीवन बचाने और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के काम को दिखाया। कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षणो में से एक प्री प्राइमरी छात्रो द्वारा विशेष प्रस्तुति दी, साथ ही डॉक्टर्स द्वारा संस्था में पौधरोपण किया। इस अवसर पर बरेली के अनेक डॉक्टरों की उपस्थिति रही। डॉक्टरो के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए छात्रो ने उन्हे स्मृति चिन्ह एवं बच्चों द्वारा कार्ड भेंट किए। जिसमें डॉक्टरो की स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के लिए हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया गया। समापन संस्था के अध्यक्ष दिलीप धारीवाल द्वारा धन्यवाद आभार के साथ हुआ। जिसमें छात्रो और डॉक्टरों के प्रयासों की सराहना की।

## खबर संक्षेप



### 3 वर्षों से कीचड़ में रहने को मजबूर कॉलोनीवासी

**सांची।** 3 वर्षों से नल जल योजना की पाइप लाइन डालने के लिए पूरे सांची नगर में खुदाई का कार्य लगातार जारी है। कॉलोनी के मेन रोड जो की 2 करोड़ 25 लाख की लागत से बनवाया गया था उस सड़क को वाटर प्लांट के पाइप लाइन के जरिए पूरा रोड क्षतिग्रस्त कर दिया। इस वाटर प्लांट पाइप-लाइन की सर्विस दो वर्ष में पूर्ण होना थी 2 वर्ष 8 महीने से अधिक का समय होने वाला है, लेकिन अभी तक पाइप लाइन की कंपनी एमएटीआर ने सड़क खोदकर पाइप लाइन तो डाल दी मगर सड़क की मरम्मत अभी तक नहीं करवाई गई। लोग 3 वर्ष से कीचड़ में चलने को मजबूर हैं वही फिल्टर प्लांट अधिकारियों का कहना है कि अभी कम से कम 4 महीने और लगा सकते हैं। नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम अहिरवार ने बताया कि हमने कई बार पत्र लिख दिए और कलेक्टर को भी बताया है। उन्होंने भी कंपनी से बातचीत की है, लेकिन निराकरण अभी तक कुछ नहीं निकला जल्दी हीं इस पर हम कार्रवाई करेंगे।

### 15 अगस्त तक मत्स्य आखेट पर रहेगा प्रतिबंध

**रायसेन।** मप्र नदीय मत्स्योद्योग नियम 1972 की धारा 3-(2) के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बन्द ऋतु (मत्स्य प्रजनन काल) घोषित किया गया है। कलेक्टर अरविन्द दुबे द्वारा इस अवधि में जिले में मत्स्याखेट मत्स्य क्रय-विक्रय, मत्स्य विनिमय एवं मत्स्य परिवहन करना निषेध किया गया है। मप्र शासन मछली पालन विभाग के निर्देशानुसार छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं है और जिसको निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अंतर्गत नहीं लाया गया है, उन्हें छोड़कर समस्त नदियों व जलाशयों में बंद ऋतु मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### 14 सितंबर को लगेगी नेशनल लोक अदालत

**रायसेन।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में 14 सितम्बर नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला मुख्यालय रायसेन एवं समस्त तहसील न्यायालयों में किया जाएगा। इस नेशनल लोक अदालतों में न्यायालयों में लंबित सभी राजीनामा योग्य सिविल और आपराधिक शमनीय प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामलें, एमएसीटी प्रकरण (मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा), वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, विद्युत एवं जलकर/बिल संबंधी प्रकरण (चोरी के मामलों को छोड़कर), सेवा मामलें जो सेवा निवृत्त संबंधी लाभों से संबंधित है, राजस्व प्रकरण, दीवानी मामलें तथा अन्य समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य, प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

### वर्षाकाल में मच्छरजनित बीमारियों से करें बचाव

**रायसेन।** वर्षा के मौसम में बीमारियां फैलने का खतरा अधिक रहता है। इस मौसम में होने वाली बीमारियां खतरनाक साबित हो सकती है। स्वास्थ्य विभाग ने इससे सावधानी बरतने की सलाह दी है और कहा हे कि लापरवाही जानलेवा हो सकती है। वर्षा के मौसम में होने वाली बीमरियां जैसे सर्दी, जुखाम, बुखार, मलेरिया, चिकनगुनिया, हैजा एवं टाइफाइड हो सकते है सर्दी, जुखाम, बुखार से बचने के लिए बारिश में ज्यादा देर तक न भीगे, भीगने से बचे, भीगने पर शरीर को साफ-कपड़े से पोछे तुरंत कपड़े बदले। मलेरिया से बचने के लिये अपने घर के आसपास गड्ढा न होने दें, अगर गड्ढा हो तो, उसमें पानी इकट्ठा न होने दें।

## बारिश के मौसम में बढ़ जाते है वाटर वॉर्न डीसीज के मामले

# मानसून आने के साथ ही बढ़ जाता है बीमारियां का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मानसून के आने से जहां एक ओर भीषण गर्मी से झुलस रहे लोगों को राहत मिल गई है। वहीं दूसरी ओर मानसून आते ही विभिन्न तरह की बीमारियों का खतरा भी काफी बढ़ जाता है। इस दौरान वाटर वॉर्न डीसीज के मामले काफी बढ़ जाते हैं। ऐसे में डॉक्टर ने इन बीमारियों के बढ़ने के कारण और इनसे बचान का तरीका बताया।

इन बीमारियों का अगर समय रहते इलाज न किया जाए, तो यह गंभीर रूप ले सकती हैं। इसलिए जरूरी है कि खुद की और अपनी परिवार की सुरक्षा बनाए रखने के लिए इस मौसम में कुछ बातों का ध्यान रखा जाए।

बारिश के बाद जलजनित बीमारियां फैलने का प्रमुख कारण सीवेज सिस्टम का ओवरफ्लो होना है। लगातार बारिश सीवर के बुनियादी ढांचे को प्रभावित कर सकती है, जिससे सीवर में मौजूद दूषित पानी नेचुरल वॉटर में मिल जाता है। इस तरह सीवेज में पानी में मौजूद बैक्टीरिया, वायरस और पैरासाइट्स सहित हानिकारक कीटाणु होते हैं, जो हैजा, टाइफाइड बुखार और डायरिया जैसी बीमारियों का कारण बन सकते हैं।



### डेंगू-मलेरिया का होता है रिस्क

अचानक आई बरसात की वजह से लोग डेंगू और मलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के प्रति सतर्क नहीं रहते हैं। ऐसे में अगर आपको इन बीमारियों को फैलने वाले मच्छर काट सकता है। ऐसे में बारिश के बाद अपने घर के आसपास पानी का जमाव न होने दें। ताकि इसमें मलेरिया और डेंगू के मच्छर न पनप सके।

### इम्यूनिटी होती है कमजोर

बारिश में लोगों की इम्यूनिटी काफी ज्यादा कमजोर होने लगती है। ऐसे में कई तरह के वायरस और बैक्टीरिया अटैक कर सकते हैं। इसलिए आपको इस सीजन में काफी ज्यादा सतर्क होने की जरूरत होती है, ताकि आप बैक्टीरिया और वायरस से बच सकें।


### मानसून में बीमारियों से बचने के लिए अपनाएं ये टिप्स

**स्ट्रीट फूड से बचें-** बरसात के दिनों में अक्सर फूड वॉर्न डिजीज का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे में इससे बचने के लिए स्ट्रीट फूड्स से जितना हो सके परहेज करें। इसके अलावा बाहर का कुछ भी खाने से बचें। **बोतलबंद या फिल्टर्ड पानी का इस्तेमाल करें-** अगर आप पानी की गुणवत्ता को लेकर चिंतित हैं, तो बोतलबंद पानी का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा क्लोरीन की गोलियों की मदद से पानी को कीटाणुरहित करने के साथ ही पीने के लिए सुरक्षित बनाया जा सकता है। **पानी उबालकर और छानकर पीएं-** पानी में मौजूद खतरनाक बैक्टीरिया को खत्म करने के लिए इसे उबालकर और छानकर इस्तेमाल करें। इसके अलावा यूवी-फिल्टर्ड वॉटर प्यूरिफायर भी पानी को साफ करने में मदद कर सकते हैं। **साफ-सफाई का ध्यान रखें-** बीमारी फैलाने वाले कीटाणुओं से दूर रहने के लिए साफ-सफाई का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। इसलिए अपने हाथों को बार-बार साबुन और पानी से अच्छी तरह धोएं। खासकर खाना बनाने और खाने से पहले। अपने आसपास सफाई रखें- मानसून में कई तरह की बीमारियों से बचने का सबसे कारगर तरीका है अपने आसपास सफाई बनाई रखें। इसके लिए अपने घर के आसपास मौजूद गटर और नालियों से मलबा हटा दें, जो मच्छरों और बीमारी फैलाने वाले अन्य वैक्टरों के पनपने की वजह बन सकता है।

**- डॉ. आलोक राय,** जिला चिकित्सालय रायसेन।

# सरकारी तालाब से कब्जा हटाने की लगाई गुहार

## परेशान ग्रामीण पहुंचे रायसेन- अपर कलेक्टर एवं एएसपी को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

तहसील के वर्धा ग्राम के ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय रायसेन पहुंच कर अपर कलेक्टर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर सरकारी तालाब पर किए कब्जे को हटाने तथा कब्जेधारी पर कार्रवाही की मांग की। एकत्रित हुए ग्रामीणो ने प्रशासनिक अधिकारियों को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि वर्धा ग्राम के सरकारी तालाब में ग्राम के ही बाबूलाल अहिरवार के द्वारा अवैध रुप से कब्जा किया है।

कब्जे को शीघ्र ही हटाया जावे, इसके अतिरिक्त यह भी उल्लेख है कि ग्राम पंचायत द्वारा वर्ष 2006 में तालाब निर्माण कराया था एवं विगत वर्ष ग्रामवासियों द्वारा जनसहयोग से 3 लाख 90 हजार रूपए का कार्य कराया था। वह तालाब पर अतिक्रमण करने की कोशिश करता है और ग्रामीणों के मना करने पर सभी को हरिजन एक्ट के झूठे केस में फंसाने की धमकी देता है। हम लोगो की कई बार झूठी रिपोर्ट भी कर चुका है।

इस संबंध में दिनांक 24 जून को बाबूलाल तालाब की बंधान जेसीबी मशीन द्वारा मिटा रहा था इस संबंध में ग्राम चौकीदार ने तहसीलदार सिलवानी को शिकायत की, मौके से तहसीलदार ने जेसीबी मशीन हटवाई। आवेदन में कब्जाधारी पर अपराधिक प्रकरण दर्ज होने का भी हवाला दिया गया है। ग्रामीणो ने कानूनी कार्यवाही एवं शासकीय तालाब पर इसका अवैध कब्जा को हटवाने की मांग की है। इस अवसर पर मनीराम, संदीप, मुकेश, रमेश रघुवंशी, रामू, जय सिंह, शिवदास, लखन, पदमसिंह, कृष्णकुमार, रघुवीरसिंह, हाकम सिंह आदि उपस्थित रहे।

# तौल कांटा का पूजन हुआ लेकिन नहीं हो सकी मूंग खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

लंबे इंतजार के बाद प्रदेश सरकार ने अन्नदाता किसानों से समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी किए जाने के लिए ना केवल खरीदी केंद्र बनाए है बल्कि खरीदी केंद्र तोल कांटो का पूजन भी मंत्रोच्चार के बीच किया जा चुका है। लेकिन 3 दिन बीत जाने के बाद भी उपार्जन केंद्र पर मूंग की खरीदी प्रारंभ नही हो सकी है।

बताया जा रहा है कि प्रदेश सरकार ने किसानों द्वारा उपार्जित की गई मूंग का तय किए समर्थन मूल्य 8 हजार 5 सौ 58 रुपए की दर से खरीदी किए जाने को लेकर नगर के सरकारी बेयर हाऊस को खरीदी केंद्र बनाया गया है, जहां कि प्रदेश सरकार की घोषणा के तहत 1 जुलाई से समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की जाना थी, इस खरीदी केंद्र पर जिम्मेदारो के द्वारा तय समय पर तौल कांटा का पूजन भी मंत्रोच्चार के साथ कराया। लेकिन 1 जूलाई से समर्थन मूल्य पर प्रारंभ होने वाली मूंग खरीदी 3 जुलाई तक प्रारंभ नही हो सकी है।



### परचेसर नहीं है इस कारण नहीं हो पा रही है मूंग की खरीदी

प्रदेश सरकार द्वारा तय किए समर्थन मूल्य पर नाफेड द्वारा मूंग की खरीदी की जाना है, जिसके लिए खरीदी केंद्र बनाए है, खरीदी प्रारंभ ना होने को लेकर बताया जा रहा है कि मूंग खरीदी संस्था नाफेड द्वारा खरीदी केंद्र पर परचेसर की नियुक्ती नहीं की गई है, जिस कारण मूंग की खरीदी प्रारंभ नही हो सकी है। समर्थन मूल्य पर खरीदी हेतु बनाए समर्थन केंद्रं पर नियुक्त जिम्मेदारो द्वारा बगैर परचेसर के किसानों के मूंग की खरीदी की जाना संभव नहीं है, जिसके चलते खरीदी प्रारंभ नही हो सकी हैं तथा किसानों को परेशानी हो रही हैं।

### अब स्कूलों में बनाए जाएंगे प्रहरी क्लब, विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए करेंगे जागरूक

**सिलवानी।** सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को नशे से दूर रखने प्रहरी क्लब बनाया जाएगा। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने कार्ययोजना बना ली है अब छठवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को नशे से दूर करने जागरूक करने हेतु प्रहरियों की मदद ली जाएगी। लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किया है। स्कूलों में छठवीं से 12वीं तक के बच्चों में नशीली दवाओं के सेवन और तस्करी की रोकथाम के लिए प्रहरी क्लब का गठन किया जाएगा। इस क्लब के सदस्य विद्यार्थियों को तंबाकू व अन्य प्रकार नशीले पदार्थों से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करेंगे। क्लब के सदस्य इस बात का ध्यान रखेंगे कि किसी प्रकार के नशे की दुकानें शिक्षण संस्थान से 100 मीटर के दायरे में न हो, प्रहरी क्लब के सदस्य निगरानी करेंगे कि विद्यालय के विद्यार्थी शराब, पान मसाला, गुटखा, बीड़ी और सिगरेट की लत से बचे रहें।

# फैक्ट्री चौराहे से लेकर रेलवे स्टेशन तक की रोड की हालत बद से बदतर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 स्थित फैक्ट्री चौराहा दीवानगंज से लेकर रेलवे स्टेशन सेमरा तक लगभग 3.6 किलोमीटर सड़क की हालत दिनोंदिन खराब होती जा रही है। इस सड़क पर 4 गांव के लोगों का रोज आना जाना लगा रहता है। दीवानगंज के आसपास तीन फैक्ट्री है इन फैक्ट्रियों में काम करने के लिए ग्रामीण रोज गुजरते रहते हैं। दीवानगंज रेलवे स्टेशन का सामान भी इसी रोड से वाहनों द्वारा लाया ले जाया करता है।

रेलवे स्टेशन दीवानगंज की सड़क की हालत दिनोंदिन खराब होती जा रही है। यहां पर इतने गड्ढे हो गए हैं कि सड़क कम दिखती है और गड्ढे ज्यादा दिखते हैं यह सड़क निर्माण सन 2007 में ठेका दिया गया था, जो कि 4 साल में बनकर तैयार हुई थी जिसकी तिथि बोर्ड पर अंकित है। इस सड़क पर गुजरने वाले टू व्हीलर वाले आए दिन गिरते उठते रहते हैं। कुछ दिन पहले ही एक टू व्हीलर वाला गिर गया था इसको काफी चोटें आई थी उसे अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया गया था।

**आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने बताई समस्या**

*प्रधानमंत्री योजना के अंतर्गत इस सड़क का निर्माण कराया था प्रधानमंत्री योजना के अंतर्गत जो सड़क बनी थी वहां भी गुणवत्ता से नहीं बनाई और अब उम्मीद जताई जा रही है इस सड़क का निर्माण जल्दी से जल्दी कराया जाए। सन 2011 के बाद इस सड़क पर किसी भी अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया है चुनाव के समय भी इस रोड पर बीजेपी वाले और कांग्रेस वालों का आना जाना रहा, मगर किसी भी नेता ने इस सड़क के बारे में ध्यान नहीं दिया। सड़क की हालत इतनी बदतर हो गई कि पैदल चलना भी दुवर है। सड़क खराब होने के कारण ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।*

## सिंगल यूज प्लास्टिक को कहें न, पॉलीथिन खाने से गोवंश की हो रही मौत

# पॉलीथिन की जगह जूट और कपड़े के थैले का करें उपयोग, पर्यावरण का करें संरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

शहर के दुकानदार धड़ल्ले से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कर रहे हैं, क्योंकि दुकानदारों को रोकने की जिनके कंधों पर जिम्मेदारी है वह अपना काम ही जिम्मेदारी से नहीं कर रहे हैं। ऐसे में शहर की सड़कों, गलियों में आसानी को से पॉलीथिन का कचरा पड़ा दिखाई दे जाता है। जबकि यह सिंगल यूज प्लास्टिक पूरी तरह से प्रतिबंधित है।

ऐसे में शहर के लोगों को अपनी जिम्मेदारी समझना होगी और पॉलीथिन के उपयोग को न कहना होगा, क्योंकि सड़कों पर पड़ी पॉलीथिन में खाद्य सामग्री होने से अक्सर गायें पॉलीथिन भी खाद्य सामग्री के साथ खा लेती हैं। पॉलीथिन खाकर शहर में अधिकांश गायें मौत का शिकार हो रही हैं। इसके लिए हमें पॉलीथिन की जगह जूट और कपड़े के थैले का उपयोग करने का स्वयं संकल्प लेना होगा। दरअसल शहर में प्रतिदिन बड़े पैमाने पर कचरा निकलता है। इस कचरे में प्लास्टिक वाला कचरा भी रहता है। अक्सर सड़कों पर पड़ी पॉलीथिन को सड़कों पर घूमने वाले मवेशी खा लेते हैं।



### आंतों से लिपटकर पेट के अंदर रह जाती है पॉलीथिन

*दयोदय गोशाला केंद्र के संतोष जैन कक्का बताते हैं कि अक्सर बीमार गाय की सूचना मिलती है तो उस गोवंश का इलाज कराने पर पता चलता है कि लंबे समय से पॉलीथिन खा रही है। गायें पॉलीथिन खा तो लेती हैं, लेकिन उसे पचा नहीं पातीं। नतीजा वह उनके पेट के अंदर आंतों से लिपटकर गेंद की तरह बन जाती है, जिससे गाय की मौत तक हो जाती है।*

### जूट तथा कपड़े के थैलो का उपयोग करने होना होगा जागरुक

*सिंगल यूज पॉलीथिन (प्लास्टिक )का उपयोग ना करेन के लिए नागरिको को स्वयं की जागरुक होना होगा, शासकीय अभियान चलाने, मंच कार्यक्रम करने, रैली,जलसो का आयोजन करने जैसे आडंबर के बजाए नागरिक स्वयं ही जागरुक होगें तो सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद हो सकता है। नागरिको को सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर जूट व कपड़े से बने थैलो को उपयोग करने के लिए जागरुक होना होगा तथा जूट व कपड़े से निर्मित थैलो का उपयोग किए जाने के लिए सामाजिक स्तर पर साथ ही व्यवसायिक प्रतिष्ठानो, आम नागरिको के बीच पहुंच कर जन जागरुकता अभियान चलाना होगा। तभी सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगना संभव हो सकता है।*

## साँची विश्वविद्यालय में बैगा जनजाति एवं संस्कृति पर विशेष व्याख्यान

# अपने को प्रकृति के करीब रखती है बैगा जनजाति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

सलामतपुर कस्बे में स्तिथ सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में बुधवार को 'बैगा जनजाति एवं संस्कृति' विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित हुआ। विश्वविद्यालय के लोकपाल व पूर्व ज़िला न्यायाधीश उमेश कुमार गुप्ता ने बैगा जनजाति पर बालाघाट, डिंडोरी, मंडला, शहडोल के अनुभवों व उनके बीच जाकर किए गए कार्यों और अध्ययन के बारे में बताया। श्री गुप्ता ने बैगा जनजाति के खान-पान, रहन-सहन, शादी-ब्याह, बच्चे की पैदाइश से लेकर मौत के बाद होने वाले क्रियाकर्मों के बारे में विस्तार से बताया।

साँची विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. वैद्यनाथ लाभ ने कहा कि बैगा जनजाति स्वयं को प्रकृति के बेहद करीब रखती है। जड़ों से जुड़ी हुए इन लोगों को पिछड़ा कहना अन्याय है। सरकार ने भी बैगा जनजाति को मुख्यधारा में लाने के लिए कई प्रयास किए है। न्यायाधीश उमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि बैगा जनजाति हर साल खेत नया बनाती है।




उन्होंने बताया कि बैगा लोग ओझा की बात मानते हैं। न्यायाधीश ने बताया कि बैगा समाज में देवी-देवता की पूजा पुरूष ही करते है। महिलाएं घर के काम के साथ खेती में भी हाथ बंटाती है। बैगा जनजाति में झाड़फूंक-टोना-टोटका को महत्व देती हैं लेकिन अब ये लोग स्वास्थ केंद्रों में भी जाने लगे हैं।

गुप्ता ने बताया कि घास-फूस के कच्चे मकानों की पहली मंजिल पर कोदू-कुटकी-मक्का का भंडारण किया जाता है। उमेश कुमार गुप्ता ने बैगा जनजाति में महिलाएं अपने शरीर पर पारंपरिक तरीके से गुदना गुदवाती हैं जिसका कारण परलोक की अवधारणा है। ये कान-नाक नहीं छिदवाती हैं। उन्होंने बताया कि बैगा जनजाति में 6 तरह के विवाह होते है जिसमें लड़की को वर चुनने की स्वतंत्रता होती है। विवाह होने पर पुरुष को दहेज देना होता है। इनमें पुनर्विवाह की अनुमति है। बच्चों के नाम दिन और तिथि के हिसाब से रखे जाते हैं।

न्यायाधीश उमेश गुप्ता ने बताया कि बैगा पूर्वजों को अपना देवता मानते हैं तथा मढ़ई इनका प्रमुख त्योहार होता है। गांव की रक्षा के लिए ठाकुर देव की पूजा करते हैं। आजीविका के लिए खेती वनोपज पर आश्रित है। ये 30 किलोमीटर दूर तक जंगल में जाकर दोना-पत्तल बनाकर साप्ताहिक बाज़ार में बेचते हैं। ये लौकी, तुमड़ा से अपने वाद्य यंत्र बनाते हैं।

व्याख्यान में कुलसचिव प्रो. अलकेश चतुर्वेदी, इतिहास संकलन समिति के पदाधिकारी सत्यनारायण शर्मा, नारायण व्यास व राजीव चौबे सम्मिलित हुए। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. नवीन कुमार मेहता ने किया।

## कलेक्टर ने की राज्यपाल के दौरा कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

महामहिम राज्यपाल मंगु भाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में 8 जुलाई को रायसेन जिले के औबेदुल्लागंज विकासखण्ड के ग्राम मेहरमांगा में बहुआयामी शिविर अंतर्गत कार्यक्रम प्रस्तावित है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर अरविंद दुबे ने मेहरमांगा में प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी लेते हुए दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर डोम, बैठक व्यवस्था, आगमन-निर्गमन व्यवस्था, स्वास्थ्य शिविर आयोजन सहित अन्य व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया सहित संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।